भाग – I / PART – I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

1. किसने अधिगम के प्रयास एवं त्रुटि सिद्धांत के संदर्भ में 'बिल्ली' पर प्रयोग किया ?
   (1) पावलोव ने (2) स्किनर ने
   (3) थॉर्नडाइक ने (4) गिलफोर्ड ने

2. आनुवंशिकता बड़ी भूमिका निभाती है :
   (1) सामाजिक विकास में
   (2) आध्यात्मिक विकास में
   (3) शारीरिक विकास में
   (4) सांस्कृतिक विकास में

3. सीखने के वक्र में पठार इंगित करता है :
   (1) कामकाजी परिस्थितियाँ अनुकूल हैं
   (2) कोई थकान नहीं है
   (3) कार्य सरल है
   (4) रुचि की हानि (कमी)

4. एग्राफिया कहते हैं :
   (1) इसमें रोगी में पढ़ने की क्षमता समाप्त हो जाती है।
   (2) इसमें रोगी में अपने विचारों को लिखकर अभिव्यक्त करने की क्षमता नहीं होती है।
   (3) इसमें रोगी में साधारण जोड़-घटाव करने की क्षमता नहीं होती है।
   (4) इसमें रोगी में वस्तुओं का नाम लेने में अक्षमता पाई जाती है।

1. Who experimented on 'cat' with reference to trial and error theory of learning ?
   (1) Pavlov (2) Skinner
   (3) Thorndike (4) Guilford

2. Heredity plays the greatest role in the :
   (1) Social Development
   (2) Spiritual Development
   (3) Physical Development
   (4) Cultural Development

3. Plateau in the learning curve indicates :
   (1) Working conditions are favourable
   (2) No fatigue
   (3) Task is simple
   (4) Loss of interest

4. Agraphia is :
   (1) In this the patient loses the ability to read.
   (2) In this the patient does not have the ability to express his thoughts in writing.
   (3) In this the patient does not have the ability to do simple addition and subtraction.
   (4) In this the patient is found to be unable to name the objects.

5. "आप छात्र को कक्षा में बैठा सकते हो किन्तु ज्ञान ग्रहण के लिए बाध्य नहीं कर सकते।" इस कथन की पुष्टि सीखने के किस नियम से होती है ?

(1) तत्परता के नियम से
(2) अभ्यास के नियम से
(3) अनभ्यास के नियम से
(4) प्रभाव के नियम से

6. दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए ........... आवश्यक *नहीं* है।

(1) छोटे अक्षरों में छपी पुस्तकें
(2) श्रव्य कैसेट
(3) कागज पर ब्रेल पाठ्यसामग्री
(4) गणित पढ़ाने के लिए अबेकस

7. निम्नलिखित में से क्रिया को आरम्भ करने, जारी रखने और नियमित करने की प्रक्रिया कौन-सी है ?

(1) अभिरुचि (2) अभिधारणा
(3) अभिवृत्ति (4) अभिप्रेरणा

8. निम्न में से कौन मॉडलिंग सम्प्रत्यय से सम्बन्धित है ?

(1) सिगमण्ड फ्रायड
(2) थॉर्नडाइक
(3) अल्बर्ट बण्डुरा
(4) गिलफोर्ड

9. "विकास के किसी भी पड़ाव पर कोई भी वस्तु सिखाई जा सकती है।" अभिव्यक्ति है :

(1) आसुबेल की
(2) ब्रूनर की
(3) पियाजे की
(4) गेने की

5. "You can make a student to sit in the class but can't force him to acquire knowledge." This statement is confirmed by which law of learning ?

(1) by the law of Readiness
(2) by the law of Exercise
(3) by the law of Disuse
(4) by the law of Effect

6. ........... is ***not*** necessary for the education of visually impaired students.

(1) Books in small letters
(2) Audio cassette
(3) Brail text material on the paper
(4) Abacus for teaching of Mathematics

7. Which out of the following is the process of arousing, sustaining and regulating activity ?

(1) Interest (2) Opinion
(3) Attitude (4) Motivation

8. In the following who is related to modeling concept ?

(1) Sigmund Freud
(2) Thorndike
(3) Albert Bandura
(4) Guilford

9. "Any thing can be taught at any stage of development." Expressed by :

(1) Ausubel
(2) Bruner
(3) Piaget
(4) Gagne

10. "सीखना, आवश्यकता की पूर्ति की प्रक्रिया के द्वारा होता है।" कथन से सम्बन्धित अधिगम सिद्धांत है :

(1) अन्तर्दृष्टि सिद्धांत
(2) क्रियाप्रसूत अधिगम सिद्धांत
(3) सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धांत
(4) प्रबलन सिद्धांत

11. एक छः साल की बालिका की मानसिक आयु 7.5 वर्ष (7 वर्ष 6 माह) है। उसकी बुद्धि लब्धि होगी :

(1) 125 (2) 90
(3) 75 (4) 140

12. निम्नलिखित में से किसमें, मूल प्रवृत्ति संबद्ध संवेग से मेल *नहीं* खाती ?

(1) हास्य – आमोद
(2) आत्महीनता – श्रेष्ठता की भावना
(3) सामूहिकता – एकाकीपन
(4) निवृत्ति – घृणा

13. अध्यापक को कक्षा में समावेशी वातावरण का सृजन करने के लिए :

(1) विशिष्ट बालकों को शैक्षिक क्रियाकलापों से दूर रखना चाहिए।
(2) विशिष्ट बालकों के अधिकार एवं सम्मान को सुरक्षित रखना चाहिए।
(3) विशिष्ट बालकों को सामान्य बालकों से हीन समझना चाहिए।
(4) सामान्य छात्रों के मध्य विशिष्ट बालकों को नीचा दिखाना चाहिए।

10. "Learning takes place through a process of need reduction." The learning theory related to the statement is :

(1) Insight theory
(2) Operant conditioned theory
(3) Conditioned response theory
(4) Reinforcement theory

11. The mental age of a 6 (six) years old girl is 7.5 (seven years six months) years, her I. Q. will be :

(1) 125 (2) 90
(3) 75 (4) 140

12. In which of the following, instinct does *not* match with related emotion ?

(1) Laughter – Amusement
(2) Self-Abasement – Feeling of superiority
(3) Gregariousness – Feeling of loneliness
(4) Repulsion – Disgust

13. Teacher needs to create an inclusive environment in the classroom :

(1) special children should be kept away from educational activities.
(2) the rights and dignity of special children should be protected.
(3) special children should be considered as inferior to normal children.
(4) special children should be looked down upon among normal students.

14. सुधार विद्यालयों का सम्प्रत्यय है :

(1) मानसिक मन्द बालकों के लिए

(2) प्रतिभाशाली बालकों के लिए

(3) विशेष अपराधी बालकों के लिए

(4) सामान्य बालकों के लिए

15. पियाजे के अनुसार, मूर्त संक्रियात्मक अवस्था है :

(1) 0 से 2 वर्ष तक

(2) 7 से 11 वर्ष तक

(3) 11 से 12 वर्ष तक

(4) 12 वर्ष से आगे तक

16. स्पीयरमैन का बुद्धि सम्बन्धी सिद्धांत है :

(1) एक-तत्त्व सिद्धांत

(2) द्वि-तत्त्व सिद्धांत

(3) त्रि-आयामी सिद्धांत

(4) बहुतत्त्व सिद्धांत

17. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन में 'व्यापक' से तात्पर्य है :

(1) सभी विषयों के मूल्यांकन से

(2) केवल शैक्षिक क्षेत्र के मूल्यांकन से

(3) गृहकार्य के मूल्यांकन से

(4) शैक्षिक व सहशैक्षिक क्षेत्र के विकास के मूल्यांकन से



14. The concept of reformatory school is :

(1) for mentally retarded children

(2) for gifted children

(3) for juvenile delinquent children

(4) for normal children

15. According to Piaget, concrete operational stage is :

(1) 0 to 2 years

(2) 7 to 11 years

(3) 11 to 12 years

(4) above 12 years

16. Theory of Intelligence given by Spearman is :

(1) One factor theory

(2) Two factor theory

(3) Three factor theory

(4) Multi-factor theory

17. In continuous and comprehensive evaluation, 'comprehensive' means :

(1) by evaluation of all subjects

(2) by evaluation of only educational field

(3) by homework evaluation

(4) by evaluating the development of educational and co-educational field

B479025

18. अधिगम (सीखना) के संबंध में कौन-सा उपयुक्त कथन *नहीं* है ?
(1) सीखना एक सार्वभौमिक प्रक्रिया है।
(2) सीखना व्यवहार में परिवर्तन नहीं है।
(3) सीखना समायोजन में सहायक है।
(4) सीखना एक स्थिति से दूसरी स्थिति में स्थानांतरित किया जा सकता है।

19. कोहलर ने सिद्ध किया कि अधिगम :
(1) उद्दीपन एवं प्रतिक्रियाओं का संबंध है।
(2) परिस्थिति के विभिन्न भागों का प्रत्यक्षीकरण है।
(3) एक स्वायत्त यादृच्छिक गतिविधि है।
(4) सम्पूर्ण परिस्थिति का प्रत्यक्षीकरण है।

20. अन्तर्दृष्टि अधिगम पद्धति के प्रतिपादक कौन थे ?
(1) थॉर्नडाइक
(2) कोहलर
(3) डेविस
(4) स्किनर

21. मैस्लो के आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धांत के अनुसार, निचले स्तर की प्रथम आधारभूत आवश्यकता मानी गयी है :
(1) संबद्धता
(2) दैहिक आवश्यकता
(3) आत्म-सिद्धि
(4) सुरक्षा

22. टॉलमैन के सिद्धांत का संबंध है :
(1) ऊर्जा शक्ति से
(2) कैथेक्सेज से
(3) टोपोलॉजी से
(4) विकास की अवस्थाओं से

18. Which is *not* an appropriate statement regarding learning ?
(1) Learning is universal process.
(2) Learning is not the change in behaviour.
(3) Learning helps in adjustment.
(4) Learning is transferable from one situation to another.

19. Kohler proved that learning is :
(1) bonding of stimulus and responses.
(2) the perception of different part of situation.
(3) an autonomous random activity.
(4) the whole situation perception.

20. Who was the exponent of the method of Insight learning ?
(1) Thorndike
(2) Kohler
(3) Davis
(4) Skinner

21. According to the need hierarchy theory of Maslow, basic need at bottom level's is considered :
(1) Belongingness
(2) Physiological Need
(3) Self-Actualization
(4) Security

22. Tolman's theory related to :
(1) Energy system
(2) Cathexes
(3) Topology
(4) Development stages

23. किशोर बालक एवं बालिकाओं के सन्दर्भ में सबसे उपयुक्त समूह है :

(1) आदर्शवादी, श्रेष्ठ समायोजन, आत्मसम्मान

(2) अमूर्त चिन्तन, तार्किकता, निर्णय शक्ति

(3) निरीक्षण, विद्रोह की भावना, दोहराने की प्रवृत्ति

(4) दर्शन, सुसमायोजन, समाज-सेवा की भावना

24. ........... के *अलावा* निम्नलिखित कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत की अवस्थाएँ हैं।

(1) रूढ़िगत

(2) प्राक्रूढ़िगत

(3) संवेदी गामक

(4) पश्चात् रूढ़िगत

25. निम्न में से कौन-सी व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधि *नहीं* है ?

(1) साहचर्य तकनीकी

(2) रचना तकनीकी

(3) जीवन इतिहास

(4) पूर्ति तकनीकी

26. सम्बद्ध प्रतिक्रिया सिद्धांत देन है :

(1) पावलोव

(2) स्किनर

(3) थॉर्नडाइक

(4) कोहलर

23. The most appropriate group of qualities in reference of adolescent boys and girls is :

(1) Ideal, Good adjustment, Self-respect

(2) Abstract thinking, Reasoning, Decision-making

(3) Observation, Feeling of revolt, Habit of repetition

(4) Philosophy, Good adjustment, Feeling of social service

24. Following are the stages of Kohlberg's theory ***except*** .......... .

(1) Conventional

(2) Pre-conventional

(3) Sensori Motor

(4) Post-conventional

25. Which of the following is ***not*** a projective method of personality measurement ?

(1) Association technique

(2) Construction technique

(3) Case study

(4) Completion technique

26. Conditioned Response Theory given by :

(1) Pavlov

(2) Skinner

(3) Thorndike

(4) Kohler

27. सर्जनशीलता के पोषण एवं संवर्धन हेतु मस्तिष्क उद्वेलन विधि का प्रतिपादन किसने किया ?

(1) मायर्स ने
(2) टॉरेन्स ने
(3) ऑसबर्न ने
(4) गॉर्डन ने

28. "बालक का विकास सिर से आरम्भ होकर पैर की दिशा में होता है।" प्रस्तुत कथन विकास के किस सिद्धांत से सम्बन्धित है ?

(1) विकास दिशा का सिद्धांत
(2) विकास क्रम का सिद्धांत
(3) निरन्तर विकास का सिद्धांत
(4) परस्पर सम्बन्धी का सिद्धांत

29. एक पारम्परिक कहावत के अनुसार, 'जब लोमड़ी सभी प्रयास करने के बाद भी अंगूरों तक नहीं पहुँच सकी, तो उसने कहा, 'अंगूर खट्टे हैं।' यह उदाहरण है :

(1) प्रत्याहार का
(2) यौक्तिकीकरण का
(3) प्रक्षेपण का
(4) प्रतिगमन का

30. 'सांवेगिक बुद्धि' का सम्प्रत्यय सर्वप्रथम दिया गया :

(1) डैन गोलमैन द्वारा
(2) जॉन मेयर तथा पीटर सेलोवे द्वारा
(3) टॉलमैन द्वारा
(4) टर्मन द्वारा

27. Who postulated the Brain Storming Method for fostering and boosting creativity ?

(1) Myres
(2) Torance
(3) Osborn
(4) Gordon

28. "The development of child starts from the head and moves towards the feet." The given statement is related to which theory of development ?

(1) Principle of Development Direction
(2) Principle of Development Sequence
(3) Principle of Continuous Development
(4) Principle of Interrelation

29. According to a traditional saying, 'when the fox could not reach the grapes despite all it's efforts, it said that the grapes are sour.' This is an example of :

(1) Withdrawal
(2) Rationalization
(3) Projection
(4) Regression

30. The concept of 'emotional intelligence' was given by :

(1) Dan Golman
(2) Peter Salovay and John Mayer
(3) Tolman
(4) Terman

भाग – II / PART – II

भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)

हिन्दी (HINDI)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे** उचित विकल्प चुनिए।

**31.** यण् संधि की दृष्टि से *संगत* विकल्प चुनिए :

(1) जात्यभिमान = जाती + अभिमान

(2) पर्युषण = परि + ऊषण

(3) वध्विच्छा = वधु + इच्छा

(4) महैन्द्रजालिक = महा + ऐन्द्रजालिक

**32.** किस शब्द में 'कु' उपसर्ग का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?

(1) कुजन (2) कुमार

(3) कुचेष्टा (4) कुमति

**33.** किस विकल्प में विलोम-युग्म सही *नहीं* है ?

(1) वैमनस्य - सौमनस्य

(2) अभिमानी - निरभिमानी

(3) अभ्यर्थी - प्रत्यर्थी

(4) स्वार्थी - निस्स्वार्थ

**34.** निम्न में से *असंगत* को चुनिए :

(1) अं, अः - अयोगवाह ध्वनियाँ

(2) ड़, ढ़ - उत्क्षिप्त ध्वनियाँ

(3) श, ष, स - स्पर्श संघर्षी

(4) ऐ, औ - अर्ध संवृत

**35.** निम्न में से प्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री *नहीं* है :

(1) दूरदर्शन

(2) फिल्म स्ट्रीप

(3) ओवरहेड प्रोजेक्टर

(4) फिल्म

**36.** निम्न में से 'शिक्षण-सूत्र' *नहीं* है :

(1) पूर्ण से अंश की ओर

(2) प्रेरणा से तर्क की ओर

(3) स्थूल से सूक्ष्म की ओर

(4) उपर्युक्त सभी

**37.** समश्रुत भिन्नार्थक शब्द 'मनुजात – मनुजाद' का क्रमशः *सही* अर्थ चुनिए :

(1) मनुष्य को खाने वाला, मनुष्य से पैदा हुआ

(2) मनु से उत्पन्न हुआ, अफ्रीकी निवासी

(3) मनु से उत्पन्न, मनुष्य को खाने वाला

(4) मनुज का पुत्र, मनुज से संबंध रखने वाला

**38.** प्रत्यय की दृष्टि से *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) ई - द्रौपदी, जानकी, वाल्मीकि

(2) य - माहात्म्य, वैधव्य, पौलस्त्य

(3) तर - महत्तर, वृहत्तर, दृढतर

(4) एय - भागिनेय, पाथेय, वैनतेय

**39.** तत्सम-तद्भव शब्दों के संदर्भ में अनुपयुक्त विकल्प चुनिए :

(1) गर्त - गड्ढा

(2) जृम्भिका - जवाँई

(3) चर्मचटक - चमगादड़

(4) परिकूट - परकोटा



B47 0215
B47 0225

40. समस्तपद एवं समास विग्रह की दृष्टि से *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) लोकप्रिय - अधिकरण तत्पुरुष

(2) पवन से चलने वाली चक्की - पनचक्की

(3) नवयुवक - नव है जो युवक

(4) परीक्षाभवन - परीक्षा के लिए भवन

निर्देश : (प्रश्न संख्या 41 से 43) के उत्तर निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दीजिए :

इस बात को समझना होगा कि युद्ध की अनुपस्थिति ही शांति की परिभाषा नहीं है। बुद्ध ने जिस शांतिपूर्ण समाज की परिकल्पना की थी, उसमें समानता का वह संदेश भी शामिल था, जो हमें इस बात का अहसास कराता है कि मनुष्य को मनुष्य से पृथक् दिखाने का हर प्रयास मनुष्यता का शत्रु है। ऐसे प्रत्येक प्रयास को विफल बनाना मनुष्योचित तो है, एक शर्त भी है मनुष्य के रूप में जीने की। हमारी चिंता यह होनी चाहिए कि हमें स्वयं को मनुष्य कैसे बनाएँ एवं कैसे मनुष्य बनाए रखें। मनुष्य बनने का अर्थ है - अपने भीतर दूसरे की पीड़ा को समझने का अहसास जगाना, अपने भीतर करुणा का वह भाव जगाना, जो हमें दूसरे से जोड़ता है। छोटे-छोटे पुल बनाने होंगे हमें दूसरे से जुड़ने के लिए - करुणा का पुल, मैत्री का पुल, समानता का पुल, विषमता मिटाने वाला पुल ........। ऐसा समझकर ही हम मानवोचित आचरण का मंत्र अपना सकते हैं, प्रबुद्ध बन सकते हैं।

41. लेखक के अनुसार शांति की परिभाषा *नहीं* है :

(1) युद्ध की अनुपस्थिति।

(2) शांतिपूर्ण समाज की परिकल्पना।

(3) जिसमें समानता का संदेश सम्मिलित हो।

(4) स्वयं को मनुष्य बनाना।

42. लेखक के अनुसार मनुष्य बनने का क्या अर्थ है ?

(1) बुद्धोपदिष्ट राह का अननुगामी।

(2) मनुष्य को मनुष्य से पृथक् दिखाना।

(3) दूसरे की पीड़ा को समझने का भाव जगाना।

(4) प्रबुद्ध मानवोचित आचरण।

43. गद्यांश में प्रयुक्त पदों की व्याकरणिक विवेचना के संदर्भ में *असंगत* कथन चुनिए :

(1) अनुपस्थिति - दो उपसर्ग

(2) मनुष्यता - जातिवाचक संज्ञा

(3) प्रत्येक - अव्ययीभाव समास

(4) विषमता - व्यंजन संधि

44. 'पर्यायवाची' की दृष्टि से *असुमेलित* को चुनिए :

(1) तरंग - ऊर्मि, वीचि, कल्लोल

(2) तरणि - नौका, द्रोणी, करवाल

(3) तोता - रक्ततुंड, कीर, सुग्गा

(4) योनि - अपत्यपथ, जन्मवर्त्म, रतिकुहर

45. *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) समुद्र में लगने वाली आग - दावानल

(2) लोक-प्रचलित बात, जिसके वक्ता का पता न हो - किंवदन्ती

(3) पशुओं द्वारा जुगाली करने की प्रक्रिया - पागुर

(4) जिसके पति ने दूसरा विवाह कर लिया हो - अध्यूढा

अंग्रेजी / ENGLISH

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** optio

46. Fill in the blank with the ***correct*** option :
Multimedia materials for teaching are ............... .
(1) LSRW lesson
(2) grammar, syntax and lexicon
(3) text, image, audio, video and animation
(4) phonetic, phonemic lessons

***Direction :*** (Q. No. **47** to **56**) :

Read the following passage and answer the questions that follow :

I worked for a brief while in a college in Delhi, and among my more uncomfortable memories is a language exercise, I gave a group of eight undergraduates: I asked them to imagine that they had already graduated and wanted them to write an application for a suitable job. Seven of the eight students wrote applications for the jobs of clerks. Even in one of the good universities, and in a college that had a reputation for its academic standards, the system had snuffed out all youthful ambition.

Even the highest youthful ambition in the prestigious colleges is to pass the competitive examination for appointments in the administrative services, and there are colleges that are more proud of the bureaucrats among their alumni than of any scholars, scientists or leaders of opinion. And these latter, understandably, are a small number. Students derive the meanness of their ambitions from the meanness of the goals that the colleges propose to themselves. And of the most ambitious, as well as of the least, among the students, it could be said that they think more of what society will do *to* or *for* them, than of what they would be able to do *for* and *to* society. This is an excellent apprenticeship for joining the ranks of hirelings or of the unemployed.

47. How long did the author wor
Delhi College ?
(1) long time (2) short time
(3) three years (4) seven years

48. What exercise did the author give the students ?
(1) a comprehension passage
(2) precis writing
(3) expansion of a poem
(4) a language exercise

49. Seven out of the eight students wanted to become ............... .
(1) scholars (2) bureaucrats
(3) clerks (4) scientists

50. What according to the author is the highest ambition of students in good colleges ?
(1) to qualify for administra services
(2) to become leaders of opini
(3) to teach
(4) to practice medicine

51. In the sentence "And these la understandably are a s number", what does "these latter" refer to ?
(1) clerks, doctors & engineers
(2) bureaucrats, scholars' and clerks
(3) scholars, scientists and leaders of opinion
(4) only administrators

52. Fill in the blank with the ***correct*** option :
The thinking of the most ambitious and the least ambitious is ........... .
(1) uncommon (2) alike
(3) dissimilar (4) for the society

53. Identify the statement which is ***true*** :
(1) The college where the author worked in Delhi had a reputation for its academic standards.
(2) The students, who were asked to do the language exercise were graduates.
(3) All colleges produce scientists, scholars and leaders of opinion.
(4) The language exercise is stored in the author's less comfortable memories.

54. Fill in the blank with the ***correct*** option :
Another word for "snuffed out" is ................ .
(1) smelled (2) instilled
(3) encouraged (4) killed

55. Choose the opposite of "former" from the passage :
(1) least (2) latter
(3) already (4) most

56. Fill in the blank with the ***correct*** option :
"Alumni" in the passage means ............... .
(1) unsuccessful students
(2) successful students
(3) bureaucrats
(4) old students

57. Which one of the following is th step in teaching formal gramma
(1) comparison & generalizati...
(2) collection and presentation of examples
(3) application of rules
(4) motivation and testing of previous knowledge

58. Fill in the blank with the ***correct*** option :
Stress, intonation and rhythm can be taught through ................ .
(1) skimming
(2) scanning
(3) drills of various types
(4) transcription

59. Complete the sentence with the ***correct*** option :
Multilinguistic resource ........
(1) will increase the leve learner participation
(2) will decrease the leve learner participation
(3) is poor compared to standardized text-book
(4) deprives the teacher's role facilitator

60. Which one of the following is ***not*** a teaching aid in developing listening skills ?
(1) Use of phonetic dictionary
(2) Gramophones
(3) Television
(4) Film & film strips

B479025
B479025
B479025
Join Telegram Channel QuickSarkari.Com

भाग – III / PART – III

सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / Quantitative Aptitude, Reas
Ability and G. K. & Awareness

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** optic

61. निम्न वर्ण श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिये :

AYD, BVF, DRH, ?, KGL

(1) FMJ (2) GMJ
(3) GNJ (4) FNK

62. सचिन कमल से ठिगना परन्तु राम से लम्बा है। मोहन सबसे लम्बा है। अरुण, कमल से थोड़ा सा ठिगना और सचिन से थोड़ा लम्बा है। इन पाँच व्यक्तियों में दूसरा सबसे लम्बा कौन है ?

(1) सचिन (2) अरुण
(3) राम (4) कमल

63. $113\frac{1}{7}$ घन मीटर आयतन वाले गोले का व्यास है :

(1) 3 मीटर (2) 6 मीटर
(3) 7 मीटर (4) 14 मीटर

64. यदि समवृत्ताकार बेलन का व्यास 28 सेमी है और इसकी ऊँचाई 20 सेमी है, तो कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल बराबर है :

(1) 1760 सेमी$^2$
(2) 1232 सेमी$^2$
(3) 1496 सेमी$^2$
(4) 2992 सेमी$^2$

61. Find the missing term in the following letter series :

AYD, BVF, DRH, ?, KGL

(1) FMJ (2) GMJ
(3) GNJ (4) FNK

62. Sachin is shorter than Kamal, but taller than Ram. Mohan is the tallest. Arun is a little shorter than Kamal and a little taller than Sachin. Who is the second tallest among these five persons ?

(1) Sachin (2) Arun
(3) Ram (4) Kamal

63. The diameter of a sphere w volume is $113\frac{1}{7}$ cubic metres

(1) 3 metres (2) 6 metres
(3) 7 metres (4) 14 metre

64. If the diameter of a right circ cylinder is 28 cm and its height is 20 cm, then the total surface area is equal to :

(1) 1760 cm$^2$
(2) 1232 cm$^2$
(3) 1496 cm$^2$
(4) 2992 cm$^2$

65. एक समचतुर्भुज का परिमाप 52 सेमी है। यदि इसके एक विकर्ण की लम्बाई 24 सेमी है, तो समचतुर्भुज का क्षेत्रफल बराबर है :

(1) 240 सेमी$^2$ (2) 120 सेमी$^2$

(3) 180 सेमी$^2$ (4) 90 सेमी$^2$

66. एक समवृत्तीय शंकु की त्रिज्या और ऊँचाई में 5 : 12 का अनुपात है। यदि इसका आयतन 314 मीटर$^3$ है, तो इसके आधार का व्यास बराबर है ($\pi = 3.14$) :

(1) 10 मीटर

(2) 5 मीटर

(3) 20 मीटर

(4) 15 मीटर

67. $\sec(90° - A) - \cot A \cos(90° - A) \tan(90° - A)$ का मान है :

(1) $\tan A$ (2) $\cot A$

(3) $\cos A$ (4) $\sin A$

68. यदि एक मीनार की ऊँचाई $2\sqrt{3}$ मीटर है और इसकी छाया की लम्बाई 2 मीटर है, तो सूर्य का उन्नयण कोण बराबर है :

(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 75°

69. 20% चक्रवृद्धि ब्याज पर एक धनराशि न्यूनतम कितने पूर्ण वर्षों में दुगुना से अधिक हो जायेगी ?

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

65. The perimeter of the rhombus is 52 cm. If one of the diagonal is 24 cm, the area of the rhombus is equal to :

(1) 240 cm$^2$ (2) 120 cm$^2$

(3) 180 cm$^2$ (4) 90 cm$^2$

66. The radius and the height of right circular cone are in the ratio 5 : 12. If its volume is 314 metre$^3$, the diameter of its base is equal to ($\pi = 3.14$) :

(1) 10 metres

(2) 5 metres

(3) 20 metres

(4) 15 metres

67. The value of $\sec(90° - A) - \cot A \cos(90° - A) \tan(90° - A)$ is :

(1) $\tan A$ (2) $\cot A$

(3) $\cos A$ (4) $\sin A$

68. If the height of a tower is $2\sqrt{3}$ metres and the length of its shadow is 2 metres, then the angle of elevation of sun is equal to :

(1) 30° (2) 45°

(3) 60° (4) 75°

69. The least number of complete years, in which a sum of money put at 20% compound interest will be more than doubled, is :

(1) 2 (2) 3

(3) 4 (4) 5

P. T. O.

70. 11 से 50 तक ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जो 7 से पूर्णतया विभाजित होती हैं परन्तु 3 से नहीं ?

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 7

71. $\dfrac{\left(1\frac{3}{4}\right)^4-\left(2\frac{1}{3}\right)^4}{\left(1\frac{3}{4}\right)^2-\left(2\frac{1}{3}\right)^2}$ का वर्गमूल बराबर है :

(1) $2\frac{11}{12}$ (2) $2\frac{1}{12}$

(3) $3\frac{11}{12}$ (4) $3\frac{1}{12}$

72. X एक कार्य को 6 दिन में पूर्ण कर सकता है और Y इसी कार्य को 8 दिन में पूर्ण कर सकता है। Z की सहायता से तीनों मिलकर इस कार्य को 3 दिन में पूर्ण कर देते हैं। यदि तीनों को कुल 2000 रुपये कार्य समाप्ति पर प्राप्त हुये, तो Z का भाग है :

(1) 200 रुपये

(2) 250 रुपये

(3) 400 रुपये

(4) 500 रुपये

73. *असंगत* को ज्ञात कीजिये :

(1) आयत

(2) वर्ग

(3) घन

(4) त्रिभुज

70. How many numbers from 11 t are there which are ex divisible by 7 but not by 3 ?

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 7

71. The square root of $\dfrac{\left(1\frac{3}{4}\right)^4-\left(2\frac{1}{3}\right)^4}{\left(1\frac{3}{4}\right)^2-\left(2\frac{1}{3}\right)^2}$ is equal to :

(1) $2\frac{11}{12}$ (2) $2\frac{1}{12}$

(3) $3\frac{11}{12}$ (4) $3\frac{1}{12}$

72. X can do a work in 6 days and Y can do same work in 8 days. With the help of Z, all three finished the work in 3 days. If they altoget got Rs. 2000 after completing work, then Z gets :

(1) Rs. 200

(2) Rs. 250

(3) Rs. 400

(4) Rs. 500

73. Find the *odd* one :

(1) Rectangle

(2) Square

(3) Cube

(4) Triangle

74. एक वस्तु को 153 रुपये में बेचने पर एक व्यक्ति को 10% की हानि होती है। 20% लाभ प्राप्त करने के लिये उसे कितनी राशि में बेचना चाहिए ?

(1) 204 रुपये

(2) 214 रुपये

(3) 220 रुपये

(4) 170 रुपये

75. A, B, C, D और E एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हुये हैं। E और B के बीच केवल A है। D, B के एकदम बायीं ओर है। C के एकदम बायीं ओर कौन है ?

(1) E (2) D

(3) B (4) A

76. शेखर उत्तर दिशा की ओर 10 मीटर चलता है। फिर वह दक्षिण दिशा की ओर 6 मीटर चलता है। फिर वह पूर्व दिशा की ओर 3 मीटर चलता है। वह अपने प्रारम्भिक बिन्दु से अब कितना दूर है ?

(1) 7 मीटर (2) 6 मीटर

(3) 5 मीटर (4) 4 मीटर

77. निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद होगा :

5, 6, 9, 15, 25, ?

(1) 35 (2) 37

(3) 40 (4) 41

74. By selling an item for Rs. 153, a man gets loss of 10%. For how much should he sell them to get profit of 20% ?

(1) Rs. 204

(2) Rs. 214

(3) Rs. 220

(4) Rs. 170

75. A, B, C, D and E are sitting around a circular table facing the centre. Only A is between E and B. D is to the immediate left of B. Who is to the immediate left of C ?

(1) E (2) D

(3) B (4) A

76. Shekhar walks 10 metres towards North. Then he walks 6 metres towards South. Then he walks 3 metres towards East. How far is he from his starting point ?

(1) 7 metres (2) 6 metres

(3) 5 metres (4) 4 metres

77. Next term of the following number series will be :

5, 6, 9, 15, 25, ?

(1) 35 (2) 37

(3) 40 (4) 41

78. यदि शब्द CYBERNETICS के सभी वर्णों को वर्णमाला के क्रम में पुनः व्यवस्थित किया जाता है, तो पुनः व्यवस्थित करने के बाद कौन-सा वर्ण मध्य में होगा ?

(1) E (2) I

(3) N (4) R

79. P, Q की बहन है। R, Q की माता है। S, R का पिता है। T, S की माता है। P, S से किस प्रकार सम्बन्धित है ?

(1) पुत्री

(2) बहन

(3) दादी

(4) दोहती

80. यदि ZIP = 300 और ZAN = 400 हो, तो ZOO =

(1) 250

(2) 350

(3) 200

(4) 500

81. लाडवा का सिख सरदार जो प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ा :

(1) गुरुदीत सिंह

(2) लाल सिंह

(3) भोज सिंह

(4) मनोहर सिंह

78. If the letters in the wo CYBERNETICS are rearranged the alphabetical order, wh letter will be in the middle in orc after rearrangement ?

(1) E (2) I

(3) N (4) R

79. P is Q's sister. R is Q's mother. S is R's father. T is S's mother. How is P related to S ?

(1) Daughter

(2) Sister

(3) Grandmother

(4) Granddaughter

80. If ZIP = 300 and ZAN = 400, then ZOO =

(1) 250

(2) 350

(3) 200

(4) 500

81. The Sikh Chieftain of Ladawa wh fought against British during the First Anglo-Maratha war :

(1) Gurdit Singh

(2) Lal Singh

(3) Bhoj Singh

(4) Manohar Singh

82. हरियाणा का कौन-सा जिला हरियाणा के सात जिलों से अपनी सीमा साझा करता है ?
(1) अंबाला
(2) पंचकुला
(3) कुरुक्षेत्र
(4) जींद

83. महाभारत के अनुसार निम्नलिखित में से किसने रोहतक पर एक सैन्य अभियान का नेतृत्व किया ?
(1) भीष्म
(2) अर्जुन
(3) भीम
(4) नकुल

84. निम्नलिखित में से कौन-सा वन्य जीव अभयारण्य पंचकुला में अवस्थित है ?
(1) छिलछिला अभयारण्य
(2) बीर शिकारगाह अभयारण्य
(3) नाहर अभयारण्य
(4) कापरवास अभयारण्य

85. पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं :
(1) न्यायमूर्ति शील नागू
(2) न्यायमूर्ति रविशंकर झा
(3) न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी
(4) न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी

86. निम्नलिखित में से किसने 2023 का अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया है ?
(1) दीक्षा डागर
(2) विनेश फोगाट
(3) बबीता कुमारी
(4) रीतिका हूडा

82. Which district of Haryana shares it boundaries with Seven districts o Haryana ?
(1) Ambala
(2) Panchkula
(3) Kurukshetra
(4) Jind

83. As per Mahabharata, who among the following led an expedition to Rohtak ?
(1) Bhishma
(2) Arjuna
(3) Bhim
(4) Nakul

84. Which of the following Wild Life Sanctuaries is located in Panchkula ?
(1) Chhilchhila Sanctuary
(2) Bir Shikargah Sanctuary
(3) Nahar Sanctuary
(4) Kaparwas Sanctuary

85. The Chief Justice of Punjab anc Haryana High Court is :
(1) Justice Sheel Nagu
(2) Justice Ravishankar Jha
(3) Justice Ritu Bahri
(4) Justice Krishna Murari

86. Who among the following received Arjuna Award of 2023 ?
(1) Diksha Dagar
(2) Vinesh Phogat
(3) Babita Kumari
(4) Reetika Hooda

87. हरियाणा लोक सेवा आयोग के गठन को चिह्नित कीजिए :

(1) अध्यक्ष एवं चार सदस्य
(2) अध्यक्ष एवं तीन सदस्य
(3) अध्यक्ष एवं पाँच सदस्य
(4) अध्यक्ष एवं छः सदस्य

88. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला शिवालिक विकास एजेन्सी के अन्तर्गत *नहीं* आता ?

(1) अंबाला
(2) पंचकुला
(3) यमुनानगर
(4) कुरुक्षेत्र

89. स्थिर मूल्यों पर 2023-24 में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय है :

(1) 3,25,759/–
(2) 1,85,490/–
(3) 1,63,285/–
(4) 1,04,550/–

90. भादानकों के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(A) 12वीं सदी के दौरान वे गुरुग्राम एवं रेवाड़ी के क्षेत्रों पर शासन कर रहे थे।

(B) उन्होंने चौहान शासक पृथ्वीराज-III को पराजित किया।

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) केवल कथन (A) सत्य है।
(2) केवल कथन (B) सत्य है।
(3) न तो कथन (A) न ही कथन (B) सत्य है।
(4) दोनों कथन सत्य हैं।

87. Identify the composition of Har Public Service Commission :

(1) Chairman and four membe
(2) Chairman and three memb
(3) Chairman and five members
(4) Chairman and six members

88. Which of the following districts does *not* come under the Shivalik Development Agency ?

(1) Ambala
(2) Panchkula
(3) Yamuna Nagar
(4) Kurukshetra

89. Per Capita Income of Haryana during 2023-24 on constant prices is :

(1) 3,25,759/–
(2) 1,85,490/–
(3) 1,63,285/–
(4) 1,04,550/–

90. Read the following statem about Bhadanakas :

(A) During 12th century they ruling over the area Gurugram & Rewari.

(B) They defeated Chauhan Prithviraj-III.

Choose the *correct* code :

(1) Only statement (A) is true.
(2) Only statement (B) is true.
(3) Neither statement (A) nor statement (B) is true.
(4) Both the statements are true.

## भाग – IV / PART – IV

### हिन्दी / HINDI

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**91.** 'नौकर' निबंध किस व्यक्तित्व को लेकर लिखा गया है ?

(1) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(2) महात्मा गाँधी
(3) जवाहरलाल नेहरू
(4) लालबहादुर शास्त्री

**92.** 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' संस्मरण किस पर लिखा गया है ?

(1) डॉ० जार्ज ग्रियर्सन
(2) फ्रेडरिक पिन्कॉट
(3) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(4) फ़ादर कामिल बुल्के

**93.** 'धूप के धान' और 'शिलापंख चमकीले' रचनाओं के रचनाकार हैं :

(1) अज्ञेय
(2) गिरिजाकुमार माथुर
(3) ऋतुराज
(4) मंगलेश डबराल

**94.** प्रत्यय की दृष्टि से *अनुचित* विकल्प चुनिए :

(1) अनीय – दर्शनीय, पठनीय, रमणीय
(2) य – वैधुर्य, क्षत्रिय, पाथेय
(3) इक – षाण्मासिक, नैष्ठिक, पारंपरिक
(4) इ – दाशरथि, मारुति, वाल्मीकि

**95.** 'राधावल्लभ-संप्रदाय' के प्रवर्तक हैं :

(1) हरिव्यासदेव
(2) परशुरामदेव
(3) गोस्वामी हितहरिवंश
(4) स्वामी हरिदास

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचनाएँ छायावाद की *नहीं* हैं ?

(a) पल्लव (b) वाणी
(c) परिमल (d) शंख ध्वनि

दिए गए विकल्पों में से *सही* उत्तर चुनिए :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c)
(3) (b) और (d) (4) (a) और (d)

**97.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) रवीन्द्रनाथ ठाकुर | (i) शाम – एक किसान |
| (b) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | (ii) पर्वत प्रदेश में पावस |
| (c) सुमित्रानंदन पंत | (iii) आत्मत्राण |
| (d) भवानीप्रसाद मिश्र | (iv) कठपुतली |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**98.** "तुम क्या समझते हो कि वे इतने बड़े यों ही खड़े हैं। उन्हें इतना बड़ा बनाने के लिए मेरे असंख्य बंधुओं ने अपने प्राण-नाश किए हैं।" उक्त वाक्य किस रचना का अंश है ?

(1) यह सबसे कठिन नहीं
(2) पानी की कहानी
(3) कदम मिलाकर चलना होगा
(4) बस की यात्रा

**99.** स्थापना (Assertion) (A) : द्विवेदी युग में प्रबन्ध रचना की प्रवृत्ति के कारण खण्डकाव्य एवं महाकाव्य अधिक लिखे गए।

तर्क (Reason) (R) : इसी प्रवृत्ति के कारण 'मिलन', 'पथिक', 'स्वप्न' आदि खण्डकाव्य लिखे गए।

कूट :

(1) (A) गलत, (R) गलत
(2) (A) गलत, (R) सही
(3) (A) सही, (R) गलत
(4) (A) सही, (R) सही

**100.** 'नौबतखाने में इबादत' व्यक्ति चित्र किस पर लिखा गया है ?

(1) ज़ाकिर हुसैन
(2) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ
(3) रविशंकर
(4) उस्ताद शाहिद परवेज़ खान

**101.** निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को रचनाकारों एवं रचनाओं से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) गाकर गीत विरह के तटिनी वेगवती बहती जाती है/ दिल हलका कर लेने को उपलों से कुछ कहती जाती है। | (i) हरिवंशराय 'बच्चन' – अग्निपथ |
| (b) चल रहा मनुष्य है, अश्रु-स्वेद रक्त से लथपथ। | (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' – गीत-अगीत |
| (c) समय बहुत कम है तुम्हारे पास/आ चला पानी ढहा आ रहा अकास/शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर। | (iii) मैथिलीशरण गुप्त – मनुष्यता |
| (d) चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए/विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए। | (iv) अरुण क... – नए इ... में |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**102.** निम्नांकित पंक्तियों को संबंधित रचना से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (पंक्ति) | सूची-II (रचना) |
|---|---|
| (a) हम जब किसी आदमी को परले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते हैं, तो उसे गधा कहते हैं। | (i) एक कुत्ता और एक मैना |
| (b) "देखते हो, यह यूथ भ्रष्ट है। रोज़ फुदकती है, ठीक यहीं आकर। मुझे इसकी चाल में एक करुण-भाव दिखाई देता है। | (ii) दो बैलों की कथा |
| (c) हमारी कुल-देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। | (iii) प्रेमचंद ... फटे जूते |
| (d) तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। | (iv) मेरे बचपन के दिन |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

103. स्थापना (Assertion) (A) : छायावादोत्तर कविता विचार-प्रधान काव्य है।

तर्क (Reaon) (R) : उसमें कवि के निजी संवेदानुभवों को अभिव्यक्त होने का अवसर नहीं मिला।

कूट :

(1) (A) गलत, (R) गलत

(2) (A) गलत, (R) सही

(3) (A) सही, (R) गलत

(4) (A) सही, (R) सही

104. स्थापना (Assertion) (A) : निराला की कविता का समारंभ मुक्तवृत्त से होता है। 'जुही की कली' का प्रकाशन वर्ष 1926 है और यह मुक्तवृत्त में है।

तर्क (Reason) (R) : "मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति है। मनुष्यों की मुक्ति कर्मों के बंधन से छुटकारा पाना है, और कविता की मुक्ति है, छंदों के शासन से अलग हो जाना।

कूट :

(1) (A) गलत, (R) गलत

(2) (A) गलत, (R) सही

(3) (A) सही, (R) गलत

(4) (A) सही, (R) सही

105. कारक दृष्टि से एक विकल्प अन्य तीनों से भिन्न है। *भिन्न* विकल्प को चुनिए :

(1) कानों सुनी बात सदैव सत्य होती है।

(2) राधा ने चाकू से सब्जियाँ काटीं।

(3) महेश जयपुर से दिल्ली जा रहा है।

(4) मैं काम से जा रही हूँ।

106. रचना और रचनाकार के संबंध में कौन-सा विकल्प *विषम* है ?

(1) कैदी और कोकिला - माखनलाल चतुर्वेदी

(2) त्रिधारा - सुभद्राकुमारी चौहान

(3) ईश्वर की आँख - निर्मल वर्मा

(4) नीम का पेड़ - राही मासूमरजा

107. प्रसाद की रचना 'आत्मकथ्य' के विषय में *असंगत* है :

(1) आत्मकथा लिखने की असहमति के तर्क से 'आत्मकथ्य' कविता पैदा हुई है।

(2) यह कविता पहली बार 1935 में हंस के आत्मकथा विशेषांक में प्रकाशित हुई थी।

(3) इस कविता में जीवन के यथार्थ एवं अभाव पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति हुई है।

(4) कविता में ललित, सुंदर एवं नवीन शब्दों और बिंबों का प्रयोग किया है।

108. द्विकर्मक क्रिया के कथन में *संगत* है :

(1) प्रथम कर्म अप्राणिवाचक होता है और द्वितीय कर्म प्राणिवाचक होता है।

(2) प्रथम और द्वितीय कर्म प्राणिवाचक होते हैं।

(3) प्रथम और द्वितीय कर्म अप्राणिवाचक होते हैं।

(4) प्रथम कर्म प्राणिवाचक होता है और द्वितीय कर्म अप्राणिवाचक होता है।

**109.** 'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें' कविता में लड़की ने चाँद के घटने-बढ़ने का क्या कारण बताया है ?

(1) डर

(2) बीमारी

(3) पृथ्वी की परिक्रमा

(4) चंचल स्वभाव

**110.** 'धीरंजन मालवे' के विषय में *असंगत* कथन है :

(1) मालवे का जन्म 9 मार्च 1952 को हुआ।

(2) मालवे ने कई भारतीय वैज्ञानिकों की संक्षिप्त जीवनियाँ लिखी हैं।

(3) 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक....' लेख में उन्होंने अबुल कलाम आजाद के जीवन-संघर्ष को रेखांकित किया है।

(4) मालवे ने रेडियो विज्ञान पत्रिका 'ज्ञान-विज्ञान' का संपादन किया है।

**111.** विद्यापति के संदर्भ में *अनुचित* कथन चुनिए :

(1) विद्यापति की कविता का स्थापत्य शृंगार है। उसे आध्यात्मिक कहना खजुराहो के मंदिरों को आध्यात्मिक कहना है।
– डॉ० बच्चनसिंह

(2) आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत सस्ते हो गए हैं। उन्हें चढ़ाकर जैसे कुछ लोगों ने गीत गोविंद के पदों को आध्यात्मिक संकेत बताया है, वैसे ही विद्यापति के इन पदों को...
– आ० रामचंद्रशुक्ल

(3) विद्यापति की पदावली पर गीत गोविंद का स्पष्ट प्रभाव है।

(4) इनके पद पश्चिम बंगाल में 'नचारी' के नाम से जाने जाते हैं।

**112.** स्थापना (**Assertion**) (**A**) : रीतिमुक्त के कवियों ने किसी प्रकार की प्रतिबद्ध[ता] स्वीकार नहीं किया, अपनी भावना[ओं का] स्वच्छन्द प्रकाशन किया।

तर्क (**Reason**) (**R**) : इस धारा के कवियों की मनोवृत्ति वियोग में अधिक रमी है, जिसमें भावप्रवण हृदय की सच्ची अनुभूति का प्रकाशन है।

*कूट :*

(1) (A) गलत, (R) गलत

(2) (A) गलत, (R) सही

(3) (A) सही, (R) गलत

(4) (A) सही, (R) सही

**113.** विश्व साहित्य की अमूल्य निधि 'तोत्तो – चान' के विषय में *असंगत* है :

(i) यह मूलतः चीनी भाषा में लिखी गई है।

(ii) इस पुस्तक का अनुवाद कई भाषाओं में हो चुका है।

(iii) यह एक अद्भुत पाठशाला और [उसमें] पढ़ने वाले बच्चों की कहानी है।

(iv) इस अनोखे स्कूल के संस्थापक [...] कोबायाशी।

(v) इस पुस्तक की मूल लेखिका पूर्वा [...] कुशवाहा हैं, जो स्वयं इसी स्कूल [की] छात्रा थीं।

*कूट :*

(1) (i), (ii) व (iii) असंगत हैं।

(2) (i) व (v) असंगत हैं।

(3) (i), (iii) व (v) असंगत हैं।

(4) (ii) व (v) असंगत हैं।



B479025

114. उपसर्ग की दृष्टि से *अनुचित* विकल्प चुनिए :

(1) परि - पर्यंक, पर्यवेक्षण, पर्युत्सुक

(2) उप - औपनिषदिक, औपचारिक, उपालम्भ

(3) आ - आदित्य, आधिकारिक, आधिपत्य

(4) अनु - अन्वेषक, अनुष्ठान, अन्वित

115. पुंल्लिंग शब्दों का चयन कीजिए :

(i) माधुर्य (ii) घुड़शाला

(iii) मोती (iv) हतभागी

(v) दशा (vi) ग्रंथ

(1) (i), (ii), (iv), (v)

(2) (ii), (iii), (v), (vi)

(3) (i), (iii), (iv), (vi)

(4) (iii), (iv), (vi)

116. 'मेघ आए' कविता में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना मेघों के आने की तुलना किससे करते हैं ?

(1) मयूर से

(2) पर्वत-शृंखला से

(3) पाहुन से

(4) कोयल की कूक से

117. *असंगत* विकल्प का चयन कीजिए :

(1) उसने आम खाया। - सकर्मक क्रिया

(2) मोर नाचता है। - अकर्मक क्रिया

(3) वह दुकान से आकर सो गया। - पूर्वकालिक क्रिया

(4) माताजी प्रतिदिन मंदिर जाया करती हैं। - प्रेरणार्थक क्रिया

118. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित क संग्रहों का *सही* अनुक्रम है :

(1) शतरंज के खिलाड़ी, बूढ़ी काकी, कफ़न, पूस की रात

(2) बूढ़ी काकी, शतरंज के खिलाड़ी, पूस की रात, कफ़न

(3) पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, कफ़न, बूढ़ी काकी

(4) बूढ़ी काकी, पूस की रात, शतरंज के खिलाड़ी, कफ़न

119. निम्न में से *असंगत* चुनिए :

(1) 'अलंकार' संज्ञा शब्द में 'इक' प्रत्यय जुड़ने से 'आलंकारिक' विशेषण शब्द की रचना हुई है।

(2) 'समकाल' संज्ञा शब्द में 'इन' प्रत्यय जुड़ने से 'समकालीन' विशेषण शब्द की रचना हुई है।

(3) 'संचय' संज्ञा शब्द में 'इत' प्रत्यय जु से 'संचित' शब्द की रचना हुई है।

(4) 'पुस्तक' संज्ञा शब्द में 'ईय' प्र जोड़ने से 'पुस्तकीय' शब्द की रचना है।

120. निम्नलिखित में से किस वाक्य में व संबंधिनी *अशुद्धि* है ?

(1) मनुष्य सबसे बुद्धिमान प्राणी होता है।

(2) प्रत्येक व्यक्ति ऐसा ही करता है।

(3) विद्वान व्यक्ति को अनेकों भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए।

(4) प्रवीण के तेवर आजकल बदल रहे हैं।

**121.** निम्नलिखित शब्दों को उनके अर्थ से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) इन्दु | (i) चूहा |
| (b) इन्दुर | (ii) चन्द्रमा |
| (c) करीष | (iii) गजराज |
| (d) करीश | (iv) सूखा गोबर |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**122.** अव्ययीभाव समास के उदाहरण *नहीं* हैं :

(1) प्रतिदिन, आजानु

(2) प्रत्याशा, निर्विवाद

(3) सुदर्शन, अयोग्य

(4) आजीवन, अनुदान

**123.** निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकारों से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I (रचना) | सूची-II (रचनाकार) |
|---|---|
| (a) नौबतखाने में इबादत | (i) यतीन्द्र मिश्र |
| (b) कुतर्कों का खंडन | (ii) मन्नू भंडारी |
| (c) एक कहानी यह भी | (iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (d) मानवीय करुणा की दिव्य चमक | (iv) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**124.** 'तसलीम' शब्द का अर्थ है :

(1) स्वच्छता

(2) सम्मान में

(3) स्वर्ग में एक नदी

(4) बँटवारा

**125.** स्थापना **(Assertion) (A)** : हमारे साहित्य ने इतिहास की बहुत रक्षा की है। चारणों के रासो और ख्यातों ने तथा राजाओं द्वारा सम्मानित राज-कवियों के ऐतिहासिक काव्यों ने साहित्य के सौन्दर्य के साथ इतिहास की सामग्री भी संचित कर रखी है।

तर्क **(Reason) (R)** : सूदन का 'सुजान चरित्र' और पद्माकर के 'हिम्मत बहादुर विरुदावली' एवं 'जगतसिंह विरुदावली' आदि ग्रन्थ इतिहास की अनेक घटनाओं पर यथेष्ट प्रकाश डालते हैं।

*कूट :*

(1) (A) गलत, (R) गलत

(2) (A) गलत, (R) सही

(3) (A) सही, (R) गलत

(4) (A) सही, (R) सही

**126.** निम्नलिखित संस्मरणों/रेखाचित्रों को रचनाकारों से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) रेखाएँ बोल उठीं | (i) माखनलाल चतुर्वेदी |
| (b) जाने अनजाने | (ii) रामवृक्ष बे |
| (c) माटी की मूरतें | (iii) देवेंद्र सत्या |
| (d) समय के पाँव | (iv) विष्णु प्रभाकर |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

127. 'अलक - उपल' क्रमश: किसके पर्याय हैं ?
(1) पर्वत - कपड़ा
(2) केश - पाषाण
(3) मृग - पत्ता
(4) हंस - सर्प

128. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) बालमुकुंद गुप्त | (i) कर्जनाना |
| (b) नाथूराम शर्मा 'शंकर' | (ii) सरगौ नरक ठेकाना नाहि |
| (c) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी | (iii) गर्भरंडा-रहस्य |
| (d) रामचरित उपाध्याय | (iv) विचित्र विवाह |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

129. रचनाकाल की दृष्टि से निम्नलिखित आलोचनात्मक कृतियों का *सही* अनुक्रम है :
(1) हिन्दी साहित्य विमर्श, हिन्दी कोविद रत्नमाला, कविता कौमुदी, हिन्दी के मुसलमान कवि
(2) हिन्दी के मुसलमान कवि, कविता कौमुदी हिन्दी साहित्य विमर्श, हिन्दी कोविद रत्नमाला
(3) हिन्दी कोविद रत्नमाला, कविता कौमुदी, हिन्दी साहित्य की भूमिका, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास।
(4) कविता कौमुदी, हिन्दी साहित्य विमर्श, हिन्दी कोविद रत्नमाला, हिन्दी के मुसलमान कवि

130. आदिकाल को 'सिद्ध-सामंत-युग' नाम किसने दिया ?
(1) राहुल सांकृत्यायन
(2) रामकुमार वर्मा
(3) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(4) मिश्रबंधु

131. इनमें से कौन-सा विकल्प गुण स्वरसंधि युक्त शब्दों का संकुल *नहीं* है ?
(1) स्वरोदय, वीरोचित, चरमोत्कर्ष, पुण्योदय
(2) मरणोपरान्त, जनोपयोगी, प्रेषिति, महेश्वर
(3) उत्तमर्ण, महर्षि, वसंतर्तु, देवर्षि
(4) मंत्रौषधि, हितैषी, अन्वेषण, प्रत्येक

132. बालकृष्ण भट्ट के विषय में *असंगत* है :
(i) बालकृष्ण भट्ट निबंधकार, समीक्षक व नाटककार थे।
(ii) भट्ट जी ने दैनिक जीवन की घटनाओं पर और नए फैशन पर अनेक कविताएँ लिखीं।
(iii) भट्ट जी ने बाँग्ला नाटकों का हिन्दी में अनुवाद किया है।
(iv) 'जैसा काम वैसा परिणाम' और 'आचार विडंबन' उनके उल्लेखनीय प्रहसन हैं।
(v) 'ईश्वर भी क्या ठठोल है' उनकी महत्त्वपूर्ण कहानी है।

कूट :
(1) (i), (iii) व (iv)
(2) (ii) व (v)
(3) (iii) व (v)
(4) (ii), (iii) व (v)

B479025

**133.** निम्नांकित साहित्यिक रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) मेघना का निर्णय, चल खुसरो घर आपने | (i) राही मासूमरज़ा |
| (b) पाँचवाँ पहर, सब देश पराया | (ii) मिथिलेश्वर |
| (c) आधा गाँव, छोटे आदमी की बड़ी कहानी | (iii) गुरदयाल सिंह |
| (d) सेवाग्राम की डायरी, सन् बयालीस के संस्मरण | (iv) श्रीराम शर्मा |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**134.** निम्न में से किस वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?

(1) इस विषय में हम किसी से कुछ नहीं कह सकते।
(2) आप यहाँ आइए।
(3) जिसे भी देखती हूँ, वही व्यस्त है।
(4) मैं अपना काम स्वयं करती हूँ।

**135.** किस शब्द में 'अ' प्रत्यय भाववाचक रूप में प्रयुक्त हुआ है ?

(1) राघव (2) लाघव
(3) पांडव (4) मानव

**136.** 'गोबर गणेश संहिता' किस निबन्ध[illegible] संकलन है ?

(1) सरदार पूर्णसिंह
(2) बालमुकुन्द गुप्त
(3) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**137.** निम्नांकित पात्रों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) महंत, पुलिस इंचार्ज | (i) टोपी शुक्ला |
| (b) मास्टर प्रीतमचंद, हेडमास्टर शर्मा | (ii) सपनों के से वे दिन |
| (c) रामदुलारी, सय्यद जरगाम मुरतुज़ा | (iii) हरिहर काका |
| (d) अमीरुद्दीन, शम्सुद्दीन | (iv) नौबतखाने में इबादत |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | [illegible] |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | [illegible] |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | [illegible] |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | [illegible] |

**138.** निम्नांकित शब्दों में से *सही* संधियुक्त शब्दों वाला विकल्प कौन-सा है ?

(1) भ्रात्रोपकार, गत्यावरोध, अभिप्सा, गुरोपदेश
(2) नमस्कार, लघूत्तर, गुर्वौदार्य, विश्वामित्र
(3) उतेजक, अधोपतन, नद्याम्बु, रविन्द्र
(4) वारिश, तेजमय, चिदकार, नवरात्रि

**139.** आदिकाल की प्रवृत्तियों के विषय में *संगत* कथन है :

(1) रहस्यमार्गियों की सामान्य प्रवृत्ति के अनुसार जैन कवि अपनी बानी को ऐसी पहेली के रूप में भी रखते थे, जिसे कोई बिरला ही बूझ सकता है।

(2) नाथ परंपरा में जलंधरनाथ के गुरु मत्स्येन्द्रनाथ माने जाते हैं।

(3) महाराष्ट्र के संत ज्ञानदेव का गोरखनाथ की शिष्य-परम्परा से कोई संबंध नहीं है।

(4) जैन काव्य-ग्रंथों की दोहों-चौपाइयों की परम्परा आगे सूफियों की प्रेम-कहानियों, तुलसी के रामचरितमानस तथा छत्रप्रकाश, ब्रजविलास आदि रचनाओं में पायी जाती है।

**140.** समास की दृष्टि से कौन-सा विकल्प *असंगत* है ?

(1) लोकप्रिय - अधिकरण तत्पुरुष

(2) कदन्न - कर्मधारय

(3) अनुत्तीर्ण - अव्ययीभाव

(4) फुलवाड़ी - संबंध तत्पुरुष

**141.** प्रकाशन के क्रम की दृष्टि से निम्नलिखित पत्रिकाओं का *सही क्रम* है :

(1) जागरण, माधुरी, विशाल भारत, साहित्यसंदेश

(2) विशाल भारत, माधुरी, जागरण, साहित्यसंदेश

(3) माधुरी, विशाल भारत, जागरण, साहित्यसंदेश

(4) माधुरी, जागरण, साहित्यसंदेश, विशाल भारत

**142.** 'वाक्यांश के लिए शब्द' के विषय में *असंगत* विकल्प चुनिए :

(1) नाटक के प्रारंभ में की जाने वाली स्तुति - नान्दी

(2) जो दोनों में सम्मिलित हो - उभयनिष्ठ

(3) जो क्रोध का अधिकारी हो - काकपाली

(4) रात का मध्य भाग - निशीथ

**143.** "कबीर आदि संतों को नाथपंथियों से जिस प्रकार 'साखी' और 'बानी' शब्द मिले, उसी प्रकार 'साखी' और 'बानी' के लिए बहुत कुछ सामग्री और 'सधुक्कड़ी' भाषा भी।" उक्त कथन किस साहित्येतिहासकार का है ?

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) बच्चन सिंह

(4) परशुराम चतुर्वेदी

**144.** भिक्षु के पत्र, यदि बाबा ना होते, बहानेबाजी आदि पुस्तकों के लेखक हैं :

(1) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(2) भदंत आनंद कौसल्यायन

(3) यशपाल

(4) स्वयं प्रकाश

**145.** किस विकल्प में *असंगत* विलोमार्थी प्रयुक्त हुए हैं ?

(1) अतिवृष्टि - अनावृष्टि

(2) आहुति - अनाहुति

(3) विहित - निषिद्ध

(4) वैमनस्य - सौमनस्य

**146.** मानकीकृत देवनागरी लिपि व वर्तनी के अनुसार अमानक रूप है :

(1) मिलाकर (2) स्थाई

(3) दायित्व (4) दूधवाला

**147.** निम्नलिखित शब्दों को उनके विलोम रूप से सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) यथार्थ | (i) घृणा |
| (b) घातक | (ii) आदर्श |
| (c) श्रद्धा | (iii) रक्षक |
| (d) कृश | (iv) स्थूल |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**148.** निम्नलिखित नाटककारों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) हरिकृष्ण प्रेमी | (i) अंगूर की बेटी |
| (b) राधाकृष्णदास | (ii) रक्षाबंधन |
| (c) गोविन्दवल्लभ पंत | (iii) मयंकमंजरी |
| (d) किशोरीलाल गोस्वामी | (iv) दु:खिनी बाला |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**149.** संविधान के अनुच्छेद 343 में संघ राजभाषा के संबंध में कौन-से प्रावधान गए हैं ?

(a) भारत संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में हिन्दी होगी।

(b) संघ के सरकारी कार्यों में भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूपों का प्रयोग होगा।

(c) उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय की संपूर्ण कार्रवाई अंग्रेजी भाषा में ही होगी।

(d) किसी राज्य के विधानमंडल को उस राज्य में हिन्दी या अन्य एक या अधिक भाषाओं को कार्यालयों में अपनाने का अधिकार है।

दिए गए विकल्पों में से ***सही*** उत्तर चुनिए :

(1) (a) व (c) (2) (a) व (b)
(3) (a) व (d) (4) (c) व (d)

**150.** निम्नलिखित में से ***असंगत*** विकल्प का च कीजिए :

(1) तोता - कीर, शुक, माहुर, संगर

(2) चाँदनी - कौमुदी, ज्योत्स्ना, जुन्हाई, चन्द्रा

(3) सर्प - अहि, उरग, भुजग, व्याल

(4) मृग - हरिण, चारुलोचन, सारंग, कुरं